DTDRK5


# 9

# मिट्टी

यदि हम अपने आस–पास चारों ओर देखें तो हमें मिट्टी ही मिट्टी दिखाई देती है। पेड़–पौधे और फसलें आदि मिट्टी में ही उगाई जाती हैं। मिट्टी से अलग–अलग प्रकार के बर्तन भी बनाये जाते हैं। चलो, अब हम मिट्टी के बारे में कुछ और पता करें।

बताओ –

1. मटका किससे बनता है?
2. ईंट किससे बनती है?
3. कच्चे मकान किन चीजों से बनते हैं?







ये सब कैसे बनते हैं आओ देखें

क्या सारी मिट्टियाँ एक जैसी होती हैं?

इस बात का पता करने के लिए तुम सब मिलकर एक काम करो –


अलग–अलग टोली बनाकर अपने शिक्षक के साथ किसी तालाब, खेत, बगीचे, मैदान, नदी और सड़क की ओर जाओ। जाने से पहले हर टोली वाले दो–तीन कपड़े, जूट या अखबार की बनी थैलियाँ अपने साथ जरूर ले जाएँ। अलग–अलग जगह से मिट्टी के नमूनों को इकट्ठा करो। वापस कक्षा में लौटकर मिट्टी के इन नमूनों को देखकर मिट्टी के रंग व उसके दूसरे गुणों को पहचानकर उन्हें नीचे दी गई तालिका में भरो।

| स्थान का नाम | छूकर देखने पर | | | मिट्टी का रंग |
|---|---|---|---|---|
| | खुरदरी | चिकनी | रेतीली | |
| खेत / बगीचा | | | | |
| मैदान | | | | |
| तालाब | | | | |
| नदी | | | | |
| सड़क | | | | |

**आओ कुछ प्रयोग करके देखें–**

कांच का एक गिलास लो। उसमें आधे से अधिक पानी भर दो। अब गिलास में इकट्ठी की गई मिट्टी डालो और घोलकर रख दो। कुछ समय (लगभग 20 मिनट) बाद उसे

**देखो और बताओ –**



1. गिलास में मिट्टी की कितनी परतें दिखाई दे रही हैं?
2. सबसे नीचे की परत में मिट्टी के कणों का आकार कैसा है?
3. पानी का रंग कैसा हो गया है?

इन बातों से यह पता चलता है कि मिट्टी कई परतों से मिलकर बनी है।
मिट्टी में कई जीव–जन्तु रहते हैं। क्या तुम्हें मिट्टी में रहने वाले जीव–जन्तुओं के नाम मालूम हैं? उनके नाम लिखो।

1. ------------------
2. ------------------
3. ------------------
4. ------------------

## आओ करके देखें

1. एक कागज पर थोड़ी सूखी बारीक मिट्टी लो ओर उसे धीरे से फूँक मार कर देखो – क्या हुआ? ------------------------------------
2. थोड़ी मिट्टी नीचे रखकर उस पर एक गिलास पानी डालो।
   क्या हुआ ? ------------------------------------

तेज हवा मिट्टी की ऊपरी परत को उड़ा देती है। तेज पानी का बहाव भी मिट्टी की ऊपरी परत को बहाकर ले जाता है। पेड़–पौधे लगाकर मिट्टी को बहने व उड़ने से बचाया जा सकता है।

हम कुछ त्यौहारों के अवसर पर मिट्टी से बने कुछ सामान का उपयोग करते हैं। इन सामानों के नाम नीचे दी गई तालिका में लिखो :–

| क्र. | त्यौहारों के नाम | मिट्टी के बने सामान |
|---|---|---|
| 1. | दीपावली | |
| 2. | पोला | |
| 3. | अक्ति/अक्षय तृतीया | |
| 4. | नवरात्रि | |

अब तुम तीन–चार टोलियों में बंटकर गीली मिट्‌टी के कुछ खिलौने बनाओ और नीचे दी गई तालिका में उनके नाम लिखो –

| क्र. | खिलौनों के नाम | क्र. | खिलौनों के नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | | 5. | |
| 2. | | 6. | |
| 3. | | 7. | |
| 4. | | 8. | |

मिट्‌टी को बनने में बहुत वर्ष लगते हैं।
अतः हमें उसका बचाव करना चाहिए।

## हमने क्या सीखा ?

DTHMLS

### मौखिक

1. कुम्हार मिट्‌टी से कौन–कौन से बर्तन बनाता है?
2. मिट्‌टी में कौन–कौन से जन्तु अपना घर बनाते हैं?
3. पोला त्यौहार में मिट्‌टी के कौन–कौन से खिलौने बाजार में मिलते हैं?

### लिखित

1. मिट्‌टी के क्या–क्या उपयोग हैं? लिखो।
2. दीपावली के त्यौहार पर मिट्‌टी से बनी कौन–कौन सी चीजों का उपयोग करते हैं? दो चीजों के नाम बताओ।
3. सही जोड़े बनाओ –

| | |
|---|---|
| मिट्‌टी के घड़े | लाल मिट्‌टी |
| मुरूम | मिट्‌टी |
| दीपावली | कुम्हार |
| केंचुआ | मिट्‌टी के दीये |

## खोजो आस–पास

1. मिट्‌टी के दो खिलौने बनाकर उन्हें रंगों से सजाओ।
2. तुम्हारे घर में मिट्‌टी से बने कौन–कौन से सामान हैं? उनके नाम लिखो।